
## खबर संक्षेप

### मोहम्मद रियान खान का सुयश



**जुन्नारदेव :** सीबीएसई सेंट्रल बोर्ड आफ एजुकेशन कक्षा दसवीं के छात्र रियान खान पिता हामिद खान डुंगरिया निवासी ने सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल कर 95% अंक अर्जित किया। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल स्टाफ एवं परिवार के लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की तथा उज्वल भविष्य की कामना की।

### सेवानिवृत्त प्राचार्य विजय ठवले का निधन



**पांढुर्णा।** इस तहसील के जाने माने, जन जन के बीच लोकप्रिय और क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक एवं उत्कृष्ट विद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य विजय ठवले का आज सुबह 6 बजे निधन हो गया। ठवले सर के निधन की खबर पर शहरवासियों को पहले विश्वास ही नहीं हुआ। लोगों ने अपने स्तर पर इस बात की पुष्टि की। सामान्य रुप से ठवले सर की सेहत अच्छी थी। इन्हें हार्ट, बीपी और शुगर जैसी बीमारी नहीं थी। बीते लगभग 30 वर्षों से ठवले सर गायत्री मंदिर में सुबह की योगासन क्लास में जाते थे। अभी कुछ ही दिनों पहले तक ठवले सर शादी या अन्य समारोह में शामिल हुए। इसलिए लोगों ने इनके निधन की खबर पर एकदम से विश्वास नहीं किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिनों से लंग्स में इंफेक्शन के कारण वाले नागपुर के एक नीजि अस्पताल में भर्ती थे। इसी अस्पताल में उनका असामयिक निधन हो गया। पांढुर्ना के लगभग हर घर में पहचाने जाने वाले इस लोकप्रिय शिक्षक के असामयिक निधन से पांढुर्ना जिले के शिक्षा जगत की अपूरणीय क्षति हो गई है। सर ने पांढुर्ना में जितने भी शासकीय शिक्षक है की जीवन में कभी ना कभी एक बार हर एक शिक्षक का मार्गदर्शन या मदद जरूर की है।

### चरित्र संदेह बना हत्या का कारण, पुलिस कर रही मामले की जांच

# पत्नी की हत्या कर फांसी के फंदे पर झूला पति



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

रविवार सुबह एक सनसनीखेज मामले में पति ने अपनी पत्नी की सिलबट्टा और लकड़ी से पीटपीट कर हत्या कर दी और इसके तुरंत बाद वह समीप के खेत में लगे बेर के पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर झूल गया। यह घटना जुन्नारदेव विकासखंड मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत घुट्टी के ग्राम उमरिया फदाली की है। घटना की सूचना मिलते ही जुन्नारदेव पुलिस के आला अधिकारी अपने दल-बल के साथ मौका स्थल पर पहुंचकर कार्रवाई में जुट गए थे। पुलिस ने इस बेहद संगीन मामले का मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जुन्नारदेव विकासखंड मुख्यालय से लगभग 4 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत घुट्टी के ग्राम उमरिया फदाली का निवासी मानिक पिता महादेव ग्यासवंशी (उम्र 40 वर्ष) पेशे से ड्राइवर था। ड्राइवर का कार्य करने वाले मानिक का अपनी पत्नी के साथ सदैव विवाद होता रहता था। रविवार सुबह दोनों के बीच हुए विवाद ने खूनी रंग ले लिया, जब पति मानिक ने पास ही रखे सिलबट्टे से अपनी पत्नी ममता ग्यासवंशी (उम्र लगभग 35 वर्ष) के सर पर क्रूरतापूर्वक दे मारा। इसके बाद पास रखी लाठी से ही पत्नी के प्राण निकलने तक उसे जमकर मारता रहा। पत्नी ममता की जान निकल जाने के बाद आरोपी पति अपने इस कृत्य से घबरा गया था और आनन-फानन में वह लगभग 300 से 400 मीटर दूरी पर स्थित खेत में लगे बेर के पेड़ में फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया। जुन्नारदेव पुलिस को इस घटना की जानकारी लगते ही वह मौका स्थल पर जहां पर प्रभारी एसडीओपी राजेश बंजारे के मार्गदर्शन में नगर निरीक्षक राकेश सिंह बघेल एवं उनके दल बल के द्वारा जांच कार्य शुरू कर दिया गया है। पुलिस ने इस घटना के मद्देनजर छिंदवाड़ा से एफएसएल के दल को भी बुलाकर अपनी कार्रवाई पूरी की है। वहीं देर शाम को शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया था।

### टमाटर और मिर्ची की फसल ओलावृष्टि प्रभावित

# खेत में आकाशीय बिजली गिरने से युवक सुलझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी



सिंगोडी सहित आसपास के क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से लगातार हो रही बारिश एवं ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान होने के साथ-साथ इंसानी जानों पर भी बन आई है, रविवार दोपहर को तेज बारिश और गरज के साथ सिंगोड़ी सहित अन्य क्षेत्र में बारिश हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रजोला में खेत में काम कर रहा राजाराम चंद्रवंशी उम्र 24 वर्ष आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया इनके शरीर का एक भाग काम नहीं कर रहा था ये करीब 4 घंटे बेहोशी की हालत में रहे। परिजनो ने एम्बुलेंस को कॉल किया तो वह 2 घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची तब जाकर उन्हें सिंगोड़ी अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।मिर्ची और टमाटर की फसल को हुआ नुकसानतेज बारिश और ओले गिरने के कारण रजोला ग्राम से लगे खेतो में लगी मिर्ची और टमाटर की फसलों को भरी नुकसान हुआ है, किसान शंकर चंद्रवंशी बिनोद चंद्रवंशी रामकुमार चंद्रवंशी दरेश चंद्रवंशी मलोट चंद्रवंशी सभी निवासी रजोलाने बताया की तीन एकड़ में लगी मिर्ची में बड़े ओले गिरे है वही अन्य किसानों के खेतो में टमाटर भी झड़ गए हैं। किसानों ने शासन प्रशासन से फसल को हुए नुकसान का सर्वे करवाकर मुआवजा दिए जाने का निवेदन किया है।

# मिर्ची पाउडर में लाल रंग का केमिकल मिक्स करते हुए पुलिस ने फैक्ट्री संचालक को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

आज पुलिस ने यहां अमरावती रोड पर स्थित एक लाल मिर्च के पाउडर बनाने बनाने वाली फैक्ट्री में छापा मारकर लाल रंग का केमिकल मिर्च पाउडर में मिक्स करते हुए संचालक एवं उसके कर्मचारी को पकडा। थाना प्रभारी अजय मरकाम ने बताया कि अमरावती रोड पर वानखडे सेलीब्रेशन हॉल के पीछे एक मकान में केमिकल को मिर्च पाउडर में मिलाते हुए राजू पिता बलवंत राऊत आयु 46 निवासी पंजाबी मोहल्ला, गुरूनानक वार्ड पांढुर्ना और इनके कर्मचारी अनिल पिता सुरेश मेटांगले आयु 40 निवासी घनपेठ वार्ड पांढुर्ना को पुलिस ने रंगेहाथ धर दबोचा।

थाना प्रभारी अजय मरकाम के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर लाल मिर्च पाऊडर में लाल रंग के केमिकल की मिलावट की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने तत्काल कारवाई हेतु एसडीओ पुलिस ब्रजेश भार्गव एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस दल ने अमरावती रोड पर वानखडे सेलीब्रेशन हॉल के पीछे एक मकान में दबिश दी। इस मकान में मिर्ची पीसने की मशीन, मिर्च पाउडर तथा लाल रंग का केमिकल पाया गया। पुलिस के अनुसार इस उद्योग के मालिक राजू राऊत और उसके कर्मचारी अनिल मेटांगले को टीम ने केमिकल को मिर्च पाउडर में रंग मिलाते हुए रंगेहाथ पकडा। प्रकरण उचित कारवाई के लिए खाद्य विभाग की ओर प्रेषित किया गया है।

# ट्राइबल विभाग के अधिकारीगण एवं पत्रकार पहुंचे शिविर स्थल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

ट्राइबल विभाग के अधिकारीगण एवं पत्रकारों का एक प्रतिनिधि मंडल ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर स्थल पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। तथा आयोजन मंडल के सभी प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों को एईओ मनीष बोरकर ने कहा कि मोबाइल से स्वयं को दूर रखते हुए नियमित ग्राउंड से जुड़े रहने की समझाइए दी। सहायक संचालक उमेश सातनकर ने दिए शिविर में सहयोग देने की बात कही।ज्ञात रहे कि जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त सत्येंद्र सिंह मरकाम के निर्देशानुसार 1 से 31 मई तक जिले की विभिन्न संस्थाओं में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं । उल्लेखनीय है कि ऐसे शिविर संस्था प्रमुख की व्यक्तिगत रुचि और स्थानीय शिक्षकों के सहयोग से संचालित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एसडीओ दीपक सरेआम के साथ प्राचार्य ए आर लोखंडे, मनीष चतुर्वेदी, सी एस दीक्षित, पत्रकार संजय जैन मोहम्मद ताहिर योगेश राठौर एवं विभाग के व्यायाम प्रशिक्षक अनुराग शर्मा अनुरोध शर्मा डॉ प्रकाश अजवानी उपस्थित रहे ।

### लोहांगी में अवैध भंडारित 32 घनमीटर रेत जप्त



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एसडीएम परासिया पुष्पेंद्र कुमार निगम व खनि अधिकारी श्री रविन्द्र परमार के मार्गदर्शन में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिये खनिज व राजस्व विभाग के दल द्वारा गत दिवस परासिया तहसील के विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तहसील परासिया के अंतर्गत ग्राम लोहांगी में खनिज रेत का अवैध भंडारण किया जाना पाया गया। मौके पर खनिज रेत के लगभग 32 घनमीटर (लगभग 11 ट्राली) अवैध भंडारण को मालिकाना हक के अभाव में लावारिस रेत को पंच के समक्ष जप्त कर आगामी आदेश पर्यंत ग्राम कोटवार लोहांगी श्री लक्ष्मण डेहरिया एवं मौका मौजूद निविदा ठेकेदार प्रतिनिधि की संयुक्त सुपुर्दगी में प्रदान किया गया। क्षेत्र में पाए गए खनिज रेत भण्डारण के संबंध में खनिज प्रावधान के अंतर्गत आगामी कार्यवाही के लिये प्रतिवेदन तैयार कर निराकरण के लिये वरिष्ठ स्तर पर प्रेषित किया जाएगा। कार्यवाही के दौरान खनि निरीक्षक श्री विवेकानंद यादव, हल्का पटवारी श्री विमल सूर्यवंशी, ग्राम कोटवार लोहांगी श्री डेहरिया व खनिज अमला साथ में था ।

### कट्टा नदी में अवैध रेत उत्खनन करते 2 ट्रैक्टर जप्त



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन और खनि अधिकारी श्री रविन्द्र परमार के मार्गदर्शन में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिये खनिज व राजस्व विभाग के दल द्वारा आज जुन्नारदेव तहसील के विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। देर रात किए गए संयुक्त औचक निरीक्षण के दौरान कट्टा नदी में खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर 2 ट्रैक्टर वाहन को जप्त किया गया। इन वाहनों को आगामी आदेश पर्यंत थाना जुन्नारदेव की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। अवैध रेत खनन में संलिप्त पाए गए वाहनों पर खनिज प्रावधान के अंतर्गत आगामी कार्यवाही के लिये प्रकरण तैयार कर निराकरण के लिये कलेक्टर न्यायालय के समक्ष प्रेषित किया जायेगा । कार्यवाही के दौरान सहायक खनि अधिकारी सुश्री स्नेहलता ठवरे, टीआई जुन्नारदेव, तहसीलदार व नायब तहसीलदार सम्मिलित थे।

# बुद्ध मानव की सर्वोत्कृष्ट विशुद्ध अवस्था का सुंदर चित्रणः डॉ. कौशल




हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन, की इकाई पाठक मंच (बुक क्लब) छिंदवाड़ा के साहित्यिक आयोजन में बुद्ध पूर्णिमा के पूर्वावसर पर काव्य से बुद्धत्व की ओर कार्यक्रम कवि रत्नाकर रतन की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ कौशल किशोर श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में भारत माता दिव्यांग छात्रावास नई आबादी छिंदवाड़ा में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्ध वर्ग द्वारा बुद्ध की प्रासंगिकता, प्रेरणा और उनके जीवन लक्ष्य पर प्रकाश डाला गया! इस अवसर पर मुख्य वक्ता विद्वान साहित्यकार डॉ. कौशल किशोर श्रीवास्तव ने कहा बुद्ध मानव की सर्वोत्कृष्ट विशुद्ध अवस्था का सुंदर चित्रण है वास्तव में बुद्धत्व की प्राप्ति के लिए हमें उनके जीवन पर प्रकाश डालना होगा कि वे कैसे ? उस अवस्था को प्राप्त करने में सफल हुए और यही ज्ञान प्राप्त करने की सफलता, हमें बुद्धत्व की ओर ले जाएगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष कवि रत्नाकर रतन ने बुद्ध के सिद्धांतों को अंगीकृत करने के लिए प्रेरित किया। नाट्य जगत से जुड़े कवि और रंगमंच के कलाकार ऋषभ स्थापक ने बुद्ध की प्रेरणादाई कथाओं और शिक्षाओं को प्रस्तुत किया।

### महाराणा प्रताप जयंती मनाने बनी रुपरेखा

**छिंदवाड़ा।** रविवार को नगर के नरसिंगपुर रोड स्थित राजपूत क्षत्रिय समाज के भवन में समाज की बैठक आयोजित की गई/जिसमें संत सिंह सेंगर द्वारा विधिवत अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया गया/तो वही समाज के वरिष्ठों ने समाज को एकजुट रखने नवीन कार्यकारिणी सर्व सम्मति से बनाने का निर्णय लिया गया/जिसके तहत इंद्रजीत सिंह बैस को सर्व सम्मति से राजपूत क्षत्रिय महासभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया/इस दौरान समाज के वरिष्ठ लाल सिंह चंदेल, संत सिंह सेंगर, अरविन्द प्रताप सिंह,अभय सिंह बैस, राजेश सिंह बैंस, योगेश सिसोसिया, उदय प्रताप सिंह, प्रभात सिंह ,संजय सिंह,जितेंद्र सिंह चौहान, प्रशांत चंदेल, प्रीति बिसेन, श्यामदेवी चंदेल, मंजू बैस ,सरला सिसोदिया सहित अन्य बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद थे/जिनके द्वारा समाज में चुनाव ना होने का आव्हान किया गया/जिसके तहत वरिष्ठ जनो ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद का मनोनय किया गया।

# पिपला मार्ग पर लगेगी तथागत बुध्द की 20 फिट ऊंची मूर्ति

### धम्म प्रकल्प समिति की बैठक में लिया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर

धम्म प्रकल्प समिति सौसर कार्यकारिणी पदाधिकारी की बैठक वार्ड क्रमांक 15 भगत के भवन संपन्न हुई है। बैठक में समिति के माध्यम से विगत वर्षों में किया जा रहे कार्य के संबंध में अवगत किया गया। इस पांढुर्णा पीपला मार्ग पर जाखिवाड़ा में दिवंगत एड वासुदेवराव बागडे के द्वारा दान की गई जमीन पर विभिन्न निर्माण कार्यों के साथ-साथ तथागत भगवान गौतम बुद्ध पहाड़ पर लगभग 20 फीट की चलित प्रतिमा लगाने, भिक्षु निवास धम्म संस्कार केंद्र का स्वरूप निर्माण,पर चर्चा हुई।

समिति के अध्यक्ष सहादेवराव गोडबोले, उपाध्यक्ष चंद्रभानजी बागडे,के द्वारा जाखिवाड़ा में तथागत भगवान गौतम बुद्ध लगभग 20 फीट चलित प्रतिमा का निर्माण, साथ ही समिति से नए सदस्य को जोड़ने,और प्रतिमा की ड्राइंग डिजाइन, परिसर में वृक्षारोपण आगामी समय में सामाजिक धार्मिक आयोजन करने आदि विषयों पर मार्गदर्शन दिया है। समिति के सचिव डॉ अशोक भगत ने बताया एड वासुदेवराव नंदाबाई बागड़े समाज कल्याण ट्रस्ट के द्वारा अब तक उक्तभूमि पर 8 लाख का निर्माण कार्य किया गया है। बैठक के दौरान जागेश्वर बागडे नेउक्त जगह को तपोभूमि नाम दिया गया।मिली जानकारी के अनुसार आगामी सालों में इस भूमि के पहाड़ पर तथागत भगवान गौतम बुद्ध चलित आकर्षक खड़ी प्रतिमा के अलावा बुद्धा पार्क,भिक्षु निवास,संस्कार,साधना केंद्र, बहुजन समाज में जन्मे हुए महापुरुषों की प्रतिमाएं लगाई जाएगी। इस दौरान बैठक में बाबारावजी चारे,राहुल बागड़े जागेश्वर बागड़े आदि मौजूद थे।

### बच्चों से यौन अपराध पर मृत्यु दंड तक का प्रावधान है पॉक्सो एक्ट में

**छिन्दवाड़ा।** यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण देने के उद्देश्य से पॉक्सो प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्राम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट (POCSO) अधिनियम बनाया गया है। इस अधिनियम को महिला और बाल विकास मंत्रालय ने वर्ष 2012 में पॉक्सो एक्ट-2012 के नाम से बनाया। इस कानून के अन्तर्गत नाबालिग बच्चों के प्रति यौन उत्पीडन, यौन शोषण और पोर्नोग्राफी जैसे यौन अपराध और छेड़-छाड़ के मामलों में कार्रवाई की जाती है। इसमें अलग-अलग अपराध के लिए अलग-अलग सजा भी निर्धारित है। यह अधिनियम पूरे देश में लागू है। पॉक्सो के तहत सभी अपराधों की सुनवाई एक विशेष न्यायालय द्वारा कैमरे के सामने बच्चों के माता-पिता या जिन लोगों पर बच्चा भरोसा करता है, उनकी उपस्थित में होती है। पॉक्सो अधिनियम-2012 के लागू होने के बाद वर्ष 2020 में पॉक्सो अधिनियम में कई अन्य संशोधन के साथ सजा का दायरा बढ़ाकर आजीवन कारावास से लेकर मृत्युदंड तक के दंड का प्रावधान किया गया है।

### प्रशासन नहीं ले रहा उचित निर्णय, अवैध कॉलोनाइजर है बेखौफ

# चारों ओर अवैध कालोनियों का जाल, लोगों की आंखों में झोंक रहे धूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा




पिछले कुछ माह से पांढुर्ना की चारों दिशाओं में अवैध कालोनियों का जाल फैल गया है। अमरावती रोड, नागपुर रोड, भोपाल रोड और नगर से लगे कुछ इलाकों में अवैध कालोनियां काफी तेजी से फैल रही है। अवैध कालोनाइजर मोटा मुनाफा कमाने की लालच में खेतों में ही प्लॉट काट रहे है।

जरूरतमंदों के साथ प्लॉटों का सौदा पटाकर उसका अनुबंध कर रहे है। अनेक खेत तो ऐसे है कि अभी तक कालोनाइजरों के नाम पर किसानों के भूमि की रजिस्ट्री ही नहीं हुई। लेकिन इस कृषि भूमि में प्लॉट काटकर एग्रीमेंन्ट के आधार पर सौदा किया जा रहा है। सबसे बडी बात है कि कृषि भूमि को पोकलैंड एवं जेसीबी मशीनों के माध्यम से समतल कर दिया जाता है। कच्चे रास्ते बना दिए जाते है। इसके अलावा सीमेन्ट की छोटे खंभे लगाकर प्लॉट एरिया को दर्शाया जा रहा है। कालोनाइजर लोगों को नक्शा दिखाकर कालोनी में डामर की सडकें कहां बनेगी, नालियां कहां होगी, बिजली के खंभों का लोकेशन क्या होगा, पार्क और मंदिर की स्थिति कैसी होगी यह समझाते है। लेकिन भोली भाली जनता यह समझ नहीं पाते कि यह कालोनी और नक्शे म.प्र. शासन के ग्राम निवेश विभाग में स्वीकृत ही नहीं है। इन कालोनाइजरों को किसी भी तरह से सच झूठ की चिकनी चुपडी बातों में फांसकर अपने प्लॉट ग्राहकों के पल्ले बांधकर निकल जाना है। प्रशासन कुछ नहीं कर रहा है ऐसा नहीं है लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समय पर उचित निर्णय नहीं लिए जाने के कारण अवैध कालोनाइजर फल फूल रहे है और आम नागरिक भविष्य में परेशान होने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

### 6510 घनमीटर अवैध रेत जप्त




**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर पांढुर्णा अजय देव शर्मा के निर्देशन और खनि अधिकारी रविन्द्र परमार के मार्गदर्शन में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिये खनिज व राजस्व विभाग के दल द्वारा सौंसर तहसील के विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पिपलाकन्हान में खनिज रेत का लगभग 2010 घनमीटर (लगभग 670 ट्राली) अवैध भंडारण किया जाना पाया गया। साथ ही ग्राम लोहानी में खनिज रेत का लगभग 4500 घनमीटर (लगभग 1500 ट्राली) अवैध भंडारण पाया गया। इन दोनों क्षेत्रों पर रेत का अवैध भण्डारण पाये जाने पर मालिकाना हक के अभाव में अवैध कुल मात्रा 6510 घनमीटर लावारिस रेत को पंच के समक्ष जप्त कर आगामी आदेश पर्यंत ग्राम कोटवार एवं मौका मौजूद निविदा एमडीओ प्रतिनिधि की संयुक्त सुपुर्दगी में प्रदान किया गया है। इस संबंध में खनिज प्रावधान के अंतर्गत आगामी कार्यवाही के लिये प्रतिवेदन तैयार कर निराकरण के लिये वरिष्ठ स्तर पर प्रेषित किया जाएगा।

## दो लेन पाइप वाली पुलिया के भौतिक सत्यापन में होगा बड़ा घपला उजागर

# जनपद उपाध्यक्ष की ग्रह पंचायत में ही सचिव ने पुलिया में कर डाला भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया जनपद पंचायत के ही तामिया सेक्टर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतो में चल रहे निर्माण कार्यों में अधिकारियों की मौन स्वीकृति एवं उपयंत्री द्वारा बनाया गया एस्टीमेट एवं सहायक यंत्री द्वारा दी गई तकनीकी स्वीकृति एवं मनरेगा के सहायक कार्यक्रम अधिकारी ने घर बैठे मनरेगा के निर्माण कार्यों की जिओ टैगिंग कर देना।यह सारी भ्रष्टाचार की संगठित यूनिट हैं । जिसके कारण मनरेगा के निर्माण कार्यों में50% से अधिक का भ्रष्टाचार तय हो जाता है। क्योंकि मनरेगा के निर्माण कार्यों के जो स्टीमेटट बनाए जाते हैं। वह जैसे बाजार में हर माल एक भाव की। तर्ज पर हर पुलिया का एस्टीमेट 15 लाख रुपए निश्चित है ।इसी तर्ज पर तामिया सेक्टर की लहगड़वा ग्राम पंचायत के मलाल ढाना के ग्रामीण को 1, आवागमन की सुविधा को ढाल बनाकर पंचायत ने , प्रस्ताव बनाकर , पुलिया का एस्टीमेट बनवाया।और सहायक, यंत्री ने, बिना निर्माण, स्थल देखै तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर की,। और भ्रष्टाचार इस पुलिया निर्माण में करवा डाला। दो लाइन की पाइप वाली पुलिया जो छोटे नाले पर है। वहां पर 15 लाख की पुलिया।बनाने का कारनामा उप यंत्री ने करवा दिया। इस तरह ग्राम पंचायत के मलाल ढाना में बनाई गई इस पुलिया का यदि भौतिक सत्यापन करेंगे। तो बा मुश्किल इसका मूल्यांकन 3 लाख भी पहुंचने की संभावना नहीं है। क्योंकि छै पाइप की बाजार , कीमत 72,000/ 25/ 25 मीटर दोनों और विग बॉल जिसमें चंद क्यूबिक मीटर कि गई कांक्रीट जिसका मूल्यांकन , भी तीन लाख रुपया नहीं हो सकता। इस तरह इस पुलिया में उपयंत्री हि 15 लाख का मूल्यांकन करने का कारनामा कर सकते हैं।और उस कारनामे को सत्यापित करने में मनरेगा के सहायक यंत्री कही सै पीछे नहीं है। इस तरह मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी सहायक कार्यक्रम अधिकारी सब की साठ गांठ का जीता जागता भ्रष्टाचार का नमूना कम से कम यह पुलिया तो बन सकती है।यदि इसको बनाये जाने की संपूर्ण प्रक्रिया ओर इसका मूल्यांकन माप पुस्तिका में मिलान कर जांच करेंगे। तो, इस पुलिया सहित मनरेगा के सारे निर्माण कार्यों सै, संबंधित अधिकारी इस छोटी पुलिया मै बड़े भ्रष्टाचार किये जाने में शामिल, पाए जाएंगे।, बस है। तो इस पुलिया निर्माण के एस्टीमेट तकनीकी स्वीकृति मूल्यांकन तकनीकी मार्गदर्शन एवं माप पुस्तिका में फर्जी मूल्यांकन किया गया इस पुलिया को देखकर साफ नजर आ जाएगा।, सबसे हैरत वाली बात यह है। कि इसी ग्राम पंचायत के निवासी यही के जनपद सदस्य जनपद उपाध्यक्ष भी है। यदि उन्हीं की ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की पुलिया मनरेगा योजना सै बन जाए। तो उनके ऊपर भी सबाल उठते तो हैं। कि आखिर जनपद के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि आखिर अपनी ही पंचायत में अनजान है। ईस पुलिया निर्माण में उनकी मौन सुकृति सहमति से इनकार नहीं किया जा सकता।

### शराब दुकान हटवाने की मांग



**सौंसर।** क्षेत्र में आगमन पर सांसद नकुल नाथ को सौसर नगर के वार्ड क्रमांक 14 स्कूल महाविद्यालय के पास एवं रंगारी सापर में संचालित की शराब दुकान को हटाने के लिए ग्रामीणों के द्वारा ज्ञापन सोपते हुए मांग की गई है। सौसर ओर रगारी सापर में लगने वाली शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर जनपद पंचायत सदस्य सारिका परतेती, सरपंच नितेश ठाकरे,पूर्व सरपंच विवेक महाजन, नथुजी मुगोले,विश्वनाथ ठाकरे,मोरेश्वर भद्रे,विजय चौधरी,सजंय चौधरी,अनिल महाजन,प्रदिप महाजन, ने सांसद नकुलनाथ से चर्चा करते हुए बतायासौसर और रंगारी सापर में कुछ लोगों के द्वारा जानबूझकर इस क्षेत्र के शांतिपूर्ण वातावरण को खराब करने की दृष्टिगत जबरदस्ती शराब की दुकान खोली जा रही है। दोनों स्थानों पर शराब दुकान खोलने से इस मार्ग पर आवागमन करने वाली स्कूली छात्र-छात्राओं महिलाओं युवाओ पर इस शराब दुकान का बुरा असर पड़ेगा, आए दिन यहां विवाद की स्थितिया उत्पन्न होगी।

## स्व. खंडार लिखित पुस्तकों का हुआ विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ग्राम खैरीतायगाव के पूर्व सरपंच समाज सेवी एवं स्कायलाइन स्कूल के प्रणेता सुधीरराव खंडार की श्रद्धांजलि सभा ग्राम खैरीतायगांव में संपन्न हुई। विगत 4 मई को सुधीरराव खंडार 81 वर्ष का निधन नागपुर में हो गया था।श्री खंडार एक समाजसेवी होने के साथ कला प्रेमी थे मराठी थे। संस्कृति तथा भाषा के सवंर्धन के लिए उन्होंने जीवन भर कार्य किया, अपने जीवनकाल में उनके द्वारा लिखित मराठी काव्यसंग्रह वास्तव तथा हिंदी कविता संग्रह उलझन का विमोचन सुधीररावकी धर्मपत्नी श्रीमती शांताताई खंडार,बहन श्रीमती सरला ताई अंभोरे,श्रमिती मालिनी ताई कस्तूरकर, सुरेशराव कस्तूरकर एवं वनिता ताई खंडार द्वारा किया गया। इस पुस्तक विमोचन समारोह में उपस्थित में सुधीरराव खंडार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला.श्री खंडार परिवार द्वारा सुधीरराव खंडार की स्मृति में उनके द्वारा लिखित पुस्तकों का विमोचन कर समाज में शिक्षा तथा सामाजिक कार्यों की अलख जगाई है। निश्चित तौर पर यह पुस्तकें समाज को छात्र छात्राओ को कारगार साबित होगी।पुस्तक विमोचन समारोह में शरद खंडार, शिशिर खंडार के द्वारा अतिथियों को पुस्तकों की प्रतियां भेंट कर उनका आभार व्यक्त कियाइस अवसर पर पूर्व मंत्री नाना मोहोड अकोला जिला परिषद के सदस्य संदीप पाटिल, जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड़,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले, गोपाल शर्मा,आनंद शर्मा, अनिल सावरकर,राहुल मोहोड़, आनंद देशमुख,आनंद दुफारे, आदि उपस्थित थे।

## सांसद नकुलनाथ ने वर वधु को दी घर जाकर बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शनिवार को सांसद नकुलनाथ का शनिवार को सौसर नगर और ग्रामीनक्षेत्र में आगमन हुआ इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर सांसद नकुलनाथ ने लोगों के सुख-दुख में शामिल हुए है। सांसद श्रीनाथ के द्वारा कहान क्षेत्र के रगारी ठोका में दिवंगत पूर्व विधायक विट्ठलरावजी महाले के निवास स्थान पर पहुंचकर परिवारजनों से चर्चा करते हुए स्व.श्री महाले की प्रतिमा पर पुष्पमाला,दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलिशोक संवेदनाएं व्यक्त की।

ठोका रंगारी में पहुंचे सांसद नकुलनाथ नेकहां की स्वर्गीय विट्ठलरावजी महाले के द्वारा विधायक रहते हुए सौसर कहान क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक कार्य किए हैं। कांग्रेस संगठन के विभिन्न पदों पर रहते हुए संगठन को मजबूती एवं कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए जीवन भर कार्य किया है।इस दौरान श्रद्धांजलि सभा मेंपूर्व विधायक रामरावजी महाले,पुत्र शिवगोपाल महाले,पत्नी श्रीमती जीजाबाई महाले,शेषरावजी महाले,अनिल ठाकरे, भागवतरावजी महाजन,प्रशांत महाले,सरपंच नितेश ठाकरे,विवेक महाजनआदि थे। ग्राम खैरीतायगाव में पूर्व सरपंच स्व सुधीरराव खंडार,को श्रद्धांजलि अर्पित की। शनिवार को सांसद नकुलनाथ ने ग्राम रिधोरा में कांग्रेस नेता सोपान कोहले के निवास स्थान पर पहुंचकर नव दंपति को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान रिधोरा में कोहले परिवार एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा सासद श्रीनाथ का गर्म जोशी से स्वागत किया गया। सौसर नगर वार्ड नं 15 गजानन कॉलोनी में कांग्रेस नेता अरविंद डहाके के निवास स्थान पर नव वर वधु को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की

## संत आशाराम बापू पर अत्याचार बन्द हो - स्वामी वीरेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शिवलाल ढाना में जारी 9 दिवसीय देवी भागवत कथा में प्रसिद्ध कथाकार स्वामी वीरेन्द्र शुक्ल ने बताया कि आजकल सनातन संस्कृति और सन्तों पर अत्याचार का चलन बड़ गया है । संत श्री आशारामजी बापू पर हो रहे अत्याचार की तो अति हो गई है । न्यायालय उन्हें इलाज के लिए जमानत भी नहीं दे रहा है वहीं राजनेताओं को पूरी सुविधायें दे रहा है । सनद रहे कि स्वामी वीरेंद्र जी स्थानीय छोटी बाजार के निवासी हैं और छोटी बाजार में ऐतिहासिक श्री रामलीला में भगवान श्री राम जी का किरदार निभाया करते थे । कार्यक्रम में प्रतिदिन आसपास के ग्रामों के हजारों लोग उपस्थित हो रहें हैं ।कथा आयोजनकर्ताओं ने पूज्य बापूजी द्वारा प्रेरित मातृ - पितृ पूजन दिवस भी कथा में मानने का निर्णय लिया है । छिंदवाड़ा समिति से मदनमोहन परसाई , गुरुकुल की संचालक दर्शना खट्टर , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े , सूरज माहोरे, सुभाष इंग्ले , बबलू माहोरे , कविता झामनानी , योगिता पराड़कर , छाया सूर्यवंशी , डॉ. मीरा पराड़कर , करुणेश पाल ,मीणा मेश्राम, कौशल्या कुशवाहा , आदि ने कथा स्थल पहुँचकर स्वामी जी का स्वागत किया । देवी भागवत कथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सम्पन्न हो रही हैं । जिसमें जगदीश माहोरे , बेनीराम माहोरे , श्याम माहोरे ,लखन माहोरे , अरविंद कराडे , कैलाश हिवसे का सहयोग सराहनीय रहा।

## शिवचरण तुरकर ने की नर्मदा परिक्रमा पूर्ण, 3648 किमी की पैदल यात्रा 118 दिन में हुई पूरी

### कई आश्रम व प्राकृतिक सौन्दर्य के दर्शन किए

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

अमरकंटक से निकलने वाली नर्मदा नदी गुजरात में विमलेश्वर के पास समुद्र से मिलती है। नर्मदा नदी चार राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले और गुजरात से होकर बहती है। इस नदी को मध्यप्रदेश और गुजरात की जीवन रेखा कहा जाता है। तो फिर केवल नर्मदा नदियों की ही परिक्रमा क्यों? इसका मुख्य कारण यह है कि इस नदी की परिक्रमा सबसे पहले ऋषि मार्कंडेय ने की थी और लगभग हर संत ने आकर नर्मदा के तट पर तपस्या की थी। यहां कई प्राचीन आश्रम देखे जा सकते हैं, जैसे ऋषि दुर्वासा, मार्कण्डेय, च्यवन, मांडव्य, वाल्मिकी, जमदग्नि ऋषि की तपस्थली गुफा एवं आश्रम हैं। यहां कई संतों ने आकर तपस्या की है। उदाहरण के तौर पर महाराष्ट्र के रिसोड शहर के अप्पा स्वामी महाराज ने भी वहां जाकर तपस्या की हैं।



### परिक्रमा के दौरान अनेंक साधु संतों का मिला सानिध्य

खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खरखड़ी के प्रतिष्ठित नगरिक शिवचरण तुरकर ने 3648 किमी की इस परिक्रमा में बताया कि हमें असंख्य आश्रमों और साधु-संतों का सानिध्य मिलता हैं, जीवन में कोई अच्छे प्रश्न हों, तो उनसे उत्तर मिलते हैं। यह एक आध्यात्मिक यात्रा है और यहां हमें पूर्णतया तपस्वी जीवन जीना है। एक हाथ में छड़ी, एक हाथ में कमंडल और पीठ पर बैग लेकर प्रतिदिन 25 से 30 किलोमीटर एक आश्रम से दूसरे आश्रम तक पैदल चलना।

### 4 राज्यों के 21 जिलों के तीर्थ स्थलों के किए दर्शन

इस नर्मदा नदी के तट पर 88 हजार तीर्थ स्थान, 136 संगम और लगभग 999 सहायक नदियां हैं, जो मां नर्मदा में आकर मिली है। दोनों तटों के किनारे 4 राज्यों के 21 जिले हैं। जिनमें मुख्य तीर्थ स्थान अमरकंटक, डिंडोरी, मंडला, बरगी, भेड़ाघाट, नर्मदापुरम, बरमान घाट, ओंकारेश्वर, हंडिया, शुलपनेश्वर, अंकलेश्वर, विमलेश्वर, रेवासागर, मांडव, महेश्वर, सितावन, नेमावर और स्टेचू ऑफ यूनिटी हैं। जब हम परिक्रमा करते हैं, तो हमें प्रत्येक तीर्थ के दर्शन होते हैं।

### विद्युत विभाग में 34 वर्ष की सेवा कर सेवानिवृत्त हुए हैं तुरकर

शिवचरण तुरकर विद्युत वितरण कम्पनी में लगातार 34 वर्षो की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए और फिर उनके मन में मां नर्मदा की परिक्रमा करने का विचार आया। जिसके बाद वह इस यात्रा पर घर से निकल पड़े। इस यात्रा का शुभारंभ उन्होंने 30 दिसम्बर 2023 को किया था और 3648 किमी की नर्मदा परिक्रमा 118 दिन में पूर्ण कर 26 अप्रैल 2024 को यह परिक्रमा पूर्ण हुई।

### मटकों में भरा 300 किलो लाहन हुआ जब्त



**बालाघाट।** मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है। शनिवार को आबकारी वृत बालाघाट के द्वारा ग्राम सुरवाही मे नाला किनारे अलग-अलग स्थानों से मटको में भरा हुआ लगभग 300 किलो महुआ लाहन जप्त कर 01 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया। सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया । जप्त सामग्री का बाजार मूल्य 30000 रूपये है। कार्यवाही मे वृत प्रभारी, उपनिरीक्षक रमाकांत बघेल, आरक्षक सुरेंद्र गजभिए लखन चौधरी आरिफ खान उपस्थित रहे।

### लांजी में यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे है बाईक सवार

## खड़े पिकअप वाहन में जा घुसा बाइक सवार, सिविल अस्पताल में किया गया भर्ती

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी थानांतर्गत ग्राम पालडोंगरी में आज 19 मई की सुबह 10 बजे पालडोंगरी आईटीआई कॉलेज के सामने एक बाइक सवार युवक देवेंद्र पालेवार भवानीटोला निवासी जो की अपनी बाईक क्रमांक एमपी 50 जेडडी 5179 से पालडोंगरी से भवानीटोला की ओर जा रहा था रास्ते में खडे पिकअप वाहन में जा घुसा जिससे उसे गंभीर चोटें आई है। जिसे 100 डायल की सहायता से सिविल अस्पताल लाकर भर्ती किया गया है जहां उसका उपचार किया जा रहा है। बाईक सवार ने जिस गति से पिकअप वाहन को टक्कर मारी है उससे बाईक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है। घटना के तुरंत बाद घटना स्थल पर लोगों का जमावड़ा लग गया। जहां से घटना की सूचना डायल 100 को दी गई। उल्लेखनीय है की लांजी क्षेत्र में आये दिन बाइक सवार घटना कारित कर रहे है जिन्हें देखते हुए लांजी पुलिस द्वारा लगातार बाइक सवारों का चालान काटकर उन्हें यातायात नियमों की समझाईश दी जा रही है परंतु बाईक सवार अपनी हरकतों से बाज नहीं है जिसका खामियाजा उन्हें अपने जानमाल के नुकसान से उठाना पड़ रहा है। वहीं आज 19 मई को पालडोंगरी में हुई घटना में युवक के पैर में गंभीर चोटें आई है।

## तेंदूपत्ता तोडऩे गई महिला भालू के हमले से गंभीर घायल

### ग्राम पंचायत नेवरवाही के वारधा ग्राम के जंगल में हुई घटना

हरिभूमि न्यूज लांजी।



वर्तमान में जिले में तेंदूपत्ता तुड़ाई का कार्य चल रहा है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं तेंदूपत्ता तोडऩे जंगलों में जाती है। परंतु इन सब के बीच इन महिलाओं को जंगली जानवरों का भी खौफ बना रहता है। इसी कड़ी में लांजी तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवरवाही के अंतर्गत ग्राम वर्धा के जंगल में अपने परिजनों के साथ तेंदूपत्ता तोडऩे गई महिला रायवंती पति चैनलाल वल्के 26 वर्ष पर भालू ने हमला कर दिया। जंगल में भालू के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिन्हें उपचार हेतु सिविल अस्पताल लांजी गया। जानकारी अनुसार ग्राम वारधा के बीट में कुछ महिलाएं-पुरुष तेंदुपत्ता तोडऩे के लिए जंगल की ओर गए थे। इसी बीच एकाएक जंगली भालू ने 19 मई को सुबह 10 बजे रायवंती पति चैनलाल वल्के 26 वर्ष पर पीछे पीठ पर हमला कर दिया। हमले के बाद महिला ने जब शोर मचाया तो अन्य लोग महिला को बचाने के दौड़ पड़े जिन्हें देखकर भालू जंगल की ओर भाग गया। उक्त भिड़ंत में महिला गंभीर रुप से घायल हो गई है। जिसे 108 एंबुलेंस की सहायता सिविल अस्पताल लाकर भर्ती किया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया और बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया है। वहीं घटना की जानकारी ग्रामीण भदरू पिता चैता वल्के के द्वारा वनरक्षक पीयूष यादव को दी जिसने घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और मौका स्थल पहुंचकर पंचनामा बनाया तथा घटना की जानकारी मिलते ही वनविभाग का अमला भी घायल महिला का हाल जानने अस्पताल पहुंचा और घायल महिला के परिजनों को तात्कालिक सहायता के रूप में 1000 की राशि प्रदान की गई। वहीं चर्चा के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक जाट ने बताया की ग्राम पंचायत नेवरवाही के वारधा बीट में जो भालू के हमले से महिला घायल हुई है उसे वनविभाग की ओर से तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है तथा प्रतिवेदन बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजा गया है आगे शासन से जो भी सहायता घायल महिला के लिये स्वीकृत होगी वह उन्हें प्रदान की जाएगी।

### टंकी में पानी भरने पर सीपेज मारती है टंकी, वॉल से बह जाता है पूरा पानी

## 35 लाख की पेयजल योजना में लापरवाही का लग रहा ग्रहण

### अब पानी के लिए भूख हड़ताल करने लामबंद ग्रामींण, लांजी जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत भानेगांव का मामला

हरिभूमि न्यूज लांजी।



शासकीय निर्माण कार्यों में किस तरह से अनियमितता कर राशि पर बंदरबाट किया जाता है, लांजी जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत भानेगांव में देखा जा सकता है। दरअसल इस गांव में पीएचई विभाग की जल जीवन मिशन योजना में भारी अनियमितताए सामने आ रही है। दो साल बीत जाने के बाद भी योजना के माध्यम से ग्रामीणों को पानी मुहैया नहीं कराया जा रहा है। पेयजल की समस्या गंभीर समस्या को लेकर अब ग्रामीण आंदोलन करने लामबंध हो गए हैं। ग्राम सरपंच ने मई माह में पेयजल सप्लाई शुरू नहीं करने पर आचार संहिता हटने पर ग्रामीणों के साथ भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी है।

### यह है पूरा मामला

सरपंच राम कुमार ठाकरे के अनुसार भानेगांव के पांच वार्डो के ग्रामीणों को घरों में ही शुद्ध पेयजल मुहैया कराए जाने पीएचई विभाग से जल जीवन मिशन योजन स्वीकृत की गई। दो वर्ष पूर्व करीब 35 लाख की लागत से ग्राम के गायत्री नगर बाजार चौक में वृहद पानी टंकी का निर्माण किया गया। बिजली ट्रांसफार्मर, मोटर, पाइप लाइन विस्तार कर ग्रामीणों के घरों में नल कनेक्शन भी किए गए हैं। लेकिन पानी सप्लाई शुरू नहीं की गई है। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का कहना है कि मई माह में उन्हें योजना से पानी नहीं मिलेगा तो ऐसी योजना का क्या औचित्य।

**सामने आ रही अनियमितताएः** पंच व सरपंच ने ठेकेदार पर योजना में भारी अनियमितता किए जाने के आरोप भी लगाए हैं। सरपंच ठाकरे ने बताया कि पानी टंकी निर्माण में बेजा अनियमितता बरती गई। अब टंकी में पानी भरते ही सीपेज मारने लगती है और पानी टपकने लगता है। ऐसे में पाइप लाइन विस्तार और सही कनेक्शन नहीं होने से कई वॉल से टंकी का पूरा पानी बह जाता है। इन्होंने बताया कि दो साल से पूरी योजना ग्रामीणों के लिए शोभा की सुपारी बनी हुई है। एक बूंद पानी भी ग्रामीणों को मुहैया नहीं कराया गया है।

**दम तोड़ रही पुरानी योजनाः** भानेगांव की पंच कुंती धीरज पालेवार के अनुसार वर्तमान में पुरानी बोर से ही काम चलाया जा रहा है। करीब 150 फीट की बोर में समरसिबल मोटर लगी हुई है। दिन रात पंप चालू रखकर किसी तरह से ग्रामीणों को पानी मुहैया कराया जा रहा है। इन्होंने बताया कि वर्तमान में जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। कई बार पुरानी मोटर भी पानी फेंकना बंद कर देती है। आगामी समय में गर्मी और बढ़ेगी, ऐसे में पुरानी मोटर व पाइप लाइन से पर्याप्त मुहैया नहीं हो पाएगा। इसलिए ग्रामीणों नई योजना से पानी सप्लाई शुरू करने की मांग कर रहे हैं।

### इनका कहना है

लाखो की नल जल योजना ग्रामीणों के लिए शोपीस बनी हुई है। मई माह में जब ग्रामीणों को पानी की सबसे अधिक आवश्यकता है और पानी नहीं मिलेगा तो ऐसी योजना का क्या लाभ। योजना को शुरू करने और ठेकेदार पर कार्रवाई करने आचार संहिता के बाद भूख हड़ताल शुरू की जाएगी।

**राम कुमार ठाकरे, सरपंच, भानेगांव**

# युवती को शादी, नौकरी लगाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाला युवक गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीडी शर्मा, अनु. अधी. पुलिस सिवनी सुश्री पूजा पांडे के मार्गदर्शन में डूंडासिवनी पुलिस व्दारा युवतियो को शादी एवं नौकरी लगाने का झांसा देकर धोखाधडी करने वाले युवक का पर्दाफाश कर आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

थाना डूंडासिवनी में दिनांक 12/05/2024 को फरियादिया शिल्पा मर्सकोले ने रिपोर्ट किया कि सूरजलाल टेकाम निवासी जिला मेटा तहसील परसवाडा थाना रूपझर जिला बालाघाट ने शादी करने एवं नौकरी लगाने का झांसा देकर उसके परिवार से ऑनलाइन एवं केस माध्यम से अलग अलग समय में करीच 27 लाख रुपये की धोखाधडी करने की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमांक 208/2024 धारा 420 भादवि. का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ट अधिकारियो के निर्देशन में टीम गठित कर फरार आरोपी सूरजलाल टेकाम पिता अम्मीलाल टेकाम उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम लीलामेटा ककई टोला थाना रूपझर जिला बालाघाट को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर धोखाधडी करना स्वीकार किया जिससे धोखाधडी से प्राप्त किये पैसो से क्रय की गयी बुलेरो वाहन रजिस्ट्रेशन क्र MP-50-ZD-2297, बुलेरो वाहन की आरसी, कीमत करीबन 13,75,000/- रुपये, बैहर में स्थित 1500 वर्ग फिट के प्लाट की रजिस्ट्री के कागजात कीमत 5,70,000/- रुपये, एक नग मोबाइल कीमत करीब 10,000/- रुपये एवं 2,000/- रुपये नगद कुल जुमला सम्पत्ति की कीमत लगभग 19,57,000/- रुपये जप्त किया गया है।

आरोपीः – सूरजलाल टेकाम पिता अम्मीलाल टेकाम उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम लीलामेटा ककई टोला थाना रूपझर जिला बालाघाट (म. प्र.)

**जप्ति मशरुकाः-** बुलेरो वाहन रजिस्ट्रेशन क्र MP-50-ZD-2297, बुलेरो वाहन की आरसी, कीमत करीबन 13,75,000/- रुपये, बैहर में स्थित 1500 वर्ग फिट के प्लाट की रजिस्ट्री के कागजात कीमत 5,70,000/- रुपये, एक नग मोबाइल कीमत करीब 10,000/- रुपये एवं 2,000/- रुपये नगद कुल जुमला सम्पत्ति की कीमत लगभग 19,57,000/- रुपये ।

**सराहनीय कार्यः-** निरीक्षक किशोर वामनकर, उपनिरी अर्पित भैरम, प्रआर. 366 शेखर बघेल, आर. 140 कृष्णकुमार भालेकर, आर. 611 संजय भलावी का सराहनीय कार्य रहा।

# 35 वर्षीय युवक फांसी पर लटकता मिला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के किंदरई थाना क्षेत्र के फुलेरा गांव में रविवार सुबह एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटकते मिला है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची किंदरई पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार देवी लाल पिता शिव लाल नेती (35) कमरे पर अकेला था। रविवार सुबह जब परिजनों ने दरवाजा खोला तो देवी लाल फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी परिजनों ने किंदरई पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पंचनामा कार्रवाई की और शव पोस्टमॉर्टम के लिए घंसौर अस्पताल भेजा। घटना को लेकर पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है। किंदरई थाना प्रभारी जीएस राजपूत ने बताया कि एक व्यक्ति के घर पर फांसी लगाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए लाया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# बिना अनुमति बज रहे डी.जे साउण्ड जप्त

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**प्रायः देखने में आ रहा है, कि समझाइश के उपरान्त भी कार्यक्रम के आयोजक एवं डी.जे संचालको द्वारा आयोजनों में ध्वनि विस्तारक यन्त्रों के प्रयोग की अनुमति नहीं ली जा रही है एवं अत्यधिक संख्या में साउण्ड बॉक्स का प्रयोग कर तेज आवाज में डी.जे व अन्य ध्वनि विस्तारक यत्रो का उपयोग किया जा रहा है।**



उल्लेखनीय है कि तेज ध्वनि से न केवल स्वास्थ्य संबंधी परेशानीयों का सामना करना पड़ता है, अपितु बच्चो एवं बुजुर्गों पर इसके तीव्र हानिकारक प्रभाव परिलक्षित होते है। पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा विशेष रूचि लेकर ऐसे संचालकों एवं आयोजको को नियंत्रित करने हेतु प्रयासरत है इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुप्रसाद शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्रीमती पूजा पांडे के दिशा निर्देशानुसार विगत रात कार्यवाही करते हुए बीजेपी कार्यालय के पास बाबरिया रोड बारापत्थर सिवनी में सायंकालीन पेट्रोलिंग के दौरान रात्री करीब 09/00 बजे से 09/30 बजे के बीच पीकप वाहन क्रमांक एमपी 22 जी 1671 में जोर जोर से डी. जे बजने की सूचना प्राप्त होने पर मौके पर पहुंचक डीजे संचालक विवेक पिता शिवप्रसाद बोपचे उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम पिण्डरई थाना बरघाट जिला सिवनी से डीजे बजाने की परमिशन पूछने पर नही होना बताया जिसके द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाये जाने से डीजे संचालक के विरूद्व अपराध क्रमांक 374/24 धारा 7/15 म.प्र. कोलाहल अधिनियम का कायम कर डीजे संचालक विवेक बोपचे के कब्जे से पीकप वाहन क्रमांक एमपी 22 जी 1671 में डी. जे सेट 06 बांक्स, एक मिक्सर, एक डेल कंपनी का लेपटाप सिल्वर रंग का, दो मासपेड मशीन, एक जनरेटर मौके से जप्त किया गया ।

जप्त संपत्ति पिकप वाहन क्रमांक एमपी 22 जी 1671 किमती करीबन तीन लाख रुपये एवं डी.जे सेट 06 बांक्स, एक मिक्सर, एक डेल कंपनी का लेपटाप सिल्वर रंग का, दो मासपेड मशीन, एक जनरेटर कीमती करीबन दो लाख रूपये का , आरोपी विवेक पिता शिवप्रसाद बोपचे उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम पिण्डरई थाना बरघाट जिला सिवनी विशेष भूमिका :- निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि जयशंकर उईके, आर. नितेश, आर. अजय मिश्रा, आर. सिध्दार्थ दुबे, चालक आरक्षक इरफान एवं थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा ।

# JVPL टूर्नामेंट में नाईट राइडर्स ने 9 और रोमचक मैच में जेस एलेवन ने 7 विकेट से जीते अपने अपने मैच

हरिभूमि न्यूज सिवनी।JVPL टूर्नामेंट के लीग मैच मै आज दो मैच खेले गए पहला मैच नाईट राइडर्स और सर्वोदय क्लब के मध्य खेला गया जिसमें सर्वोदय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर मै 6 विकेट के नुकसान पर 96 रन बनाकर 97 रनो लक्षय दिया सर्वोदय की और से आरिफ ने 18 गेंदों मै 36 रनो की पारी खेली लक्ष्य का पीछा करने उतरी नाईट राइडर्स ने 9 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 100 रन बना कर यह मैच 9 विकेट से जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ दा मैच नीरू निर्मलकर रहे।

दूसरा मैच जेस एलेवन और यलगार के मध्य हुआ यलगार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर मै 4 विकेट के नुकसान पर 131 रन बनाकर जेस एलेवन को 132 रनो का लक्ष्य दिया यलगार की और से मनीष बेन ने सर्वाधिक 68 रनो की पारी खेली जेस एलेवन की और से सुनील सिंह ने 2 ओवर मे 9 रन देकर 1 विकेट लिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेस एलेवन ने सुनील सिंह, मन्नी और बलधर की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से यह लक्छ 9.1 ओवर मै 3विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाकर 7 विकेट से यह मैच जीत लिया जेस एलेवन की और से सुनील ने 10 गेंद 22 रन बलधर यादव 18गेंद 28 रन और मन्नी 18 गेंद 58 रनो की धुआँधार पारी खेली इस मैच के मेन ऑफ द मैच मन्नी चौरसिया रहे।

दोनों मैचो मै निर्णायक की भूमिका बंटी बिसेन और सदाम खान रहे कल 20-05-24 को भी दो मैच खेले जाएंगे । मन्नीऔर बलधर को शानदार प्रदर्शन के लिए अरुण यादव द्वारा 500 -500का नगद पुरस्कार दिया गया।

# चौदह चक्का ट्रक सहित गौ-तस्कर चढ़े कुरई पुलिस हत्थे

**पुलिस अधीक्षक सिवनी राकेश कुमार सिंह (भापुसे) द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को गौवंश तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है उक्त आदेश के पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बरघाट ललीत गठरे के मार्गदर्शन में गौवंश परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस थाना कुरई के द्वारा ताबडतोड कार्यवाही करते हुये**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

## 44 नग बैल मवेशियों मुक्त कराये



दिनांक 19/05/2024 को चौदह चक्का ट्रक क्रमांक एम.पी.09एच.जे. 4995 पर भरकर बैल नाटा गौ-तस्करों के द्वारा नागपुर हैदराबाद ले जाये जाने की सूचना मिलने पर ग्राम पचधार के पास नेशनल हाईवे में जाम लगाकर ट्रक रोका गया उसपर बैठे लोग भागने लगे जिन्हे घेराबंदी करके पकड़ा गया जो अपना नाम 01-मुस्तफा खान 02- मोहम्मद शकील, 03- युसुफ कुरैशी 04- बन्नू खान निवासी विदिशा और भोपाल के होना बताये ट्रक का तिरपाल खेलने पर ट्रक के अन्दर 44 नग बूढ़ें कमजोर बैल उनके सिंग एवं पैरो को बांधकर ढूंस ढूंस कर निर्दयता पूर्वक भरे पाये गये आरोपियों से पूछताछ करने पर बताये कि जिला पन्ना अमानगंज से भरकर हैदराबाद कसाई मंडी ले जा रहे थे उक्त सभी मवेशियों को गौ-तस्करों से मुक्त कराकर गौशाला में दाखिल कराया गया आरोपियों को गिरफ्तार कर गौवंश की धाराओं में कार्यवाही की गई है।

उल्लेखनीय भूमिका- थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण सिंह झारिया, उनि अजय कुमार जयसवाल, आरक्षक अविनाश पाण्डेय, आरक्षक नारेन्द्र सोलंकी, आरक्षक विजेन्द्र उइके, आरक्षक मनोज मिश्रा, आरक्षक चालक यशपाल उड़के की सराहनीय भूमिका रही।

# कुरई में आयोजित समर कैंपः बच्चों को उत्साह बढ़ाने पहुंची महिला सामाजिक कार्यकर्ता

**कुरई।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे के कुशल मार्गदर्शन में पूरे जिले में विगत 25 अप्रैल से निःशुल्क 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ है. जिसके चलते विकास खंड कुरई में अग्रणी पब्लिक स्कूल परिसर में चलने वाले नेटबॉल और कबड्डी प्रशिक्षण शिविर में बालक- बालिकाएं पूर्णमनोयोग से खेल की बारीकियां सीख रहे हैं।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए विकास खंड युवा समन्वयक श्री निकेश पदमाकर ने बताया कि प्रतिदिन सुबह-शाम चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में 05 वर्ष से लेकर 18 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 60 बालक-बालिका खिलाड़ी नियमित प्रशिक्षण का लाभ ले रहें हैं।

## आरटीआई के आवेदनों की विभाग ने मांगी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत जिला शिक्षा केन्द्र को प्राप्त आवेदनों की जानकारी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल में तलब की गई है। कहा गया है कि मप्र के सिवनी सहित कई जिलों से जानकारी अप्राप्त है। राज्य शिक्षा केन्द्र के लोक सूचना अधिकारी एवं सहायक संचालक रमाकांत तिवारी ने जिला शिक्षा केन्द्र के परियोजना समन्वयक को पत्र जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत वर्ष 2024 के दौरान जिला शिक्षा केन्द्र कार्यालय में प्राप्त आवेदनों की त्रैमासिक जानकारी अ, ब, स एवं द प्रारूप में हार्डकॉपी एवं साफ्टकॉपी में मांगी गई है। यह जानकारी अनिवार्य रुप से भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

एमके बघेल, समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी का कहना है जिला शिक्षा केन्द्र से दो-दो बार आरटीआई के प्राप्त आवेदनों के सम्बंध में रिपोर्ट राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल भेज चुके हैं। कुछ तकनीकी समस्या वहीं से है, बार-बार स्मरण पत्र भेजे जा रहे हैं। फिर से जानकारी भेजी जाएगी।

# राष्ट्रीय विलुप्त प्रजाति दिवस मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में संस्था संरक्षक प्राचार्य प्रो. अमिता पटेल एवं प्रशासनिक अधिकारी प्रो. पी. एल सनोडिया के मार्गदर्शन में प्राणी शास्त्र विभाग एवं वनस्पति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विलुप्त प्रजाति दिवस मनाया गया। डीआर रुचिका याग्निक कहा कि प्रत्येक प्रजाति के महत्व को समझना और उनके लिए एक स्वस्थ आवास बनाना महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय लुप्तप्राय प्रजाति दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम है जो लुप्तप्राय प्रजातियों और उनके आवासों की सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करता है। यह विशेष दिन, व्यक्तियों, समूहों और सरकारों को एक साथ आने और हमारी पृथ्वी पर मौजूद शानदार जैव विविधता के संरक्षण और पुनर्स्थापित करने के लिए कार्रवाई करने का अवसर प्रदान करता है। वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ एस. आर. नवंगे ने छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा ₹मानव की अत्याधिक भौतिकवादी आकांक्षा का परिणाम हर साल हमें दुनियां भर के देशों में देखने — सुनने को मिल रहा है कही अत्याधिक रसायनिक खाद के प्रयोग से,मृदा मित्र कहे जाने वाले सूक्ष्म जीव, तो कही विकास के नाम पर , पुनर्जीवन प्रदान करने वाले अनेक प्रकार की औषधीय पौधे नष्ट किए जा रहे है जो अनेक तरह के पशु, पक्षी, सरीसृप, आदि के भोज्य पदार्थ है,तो कही आर्थिक/औद्योगिक विकास के नाम पर जलवायु व अनेक आपदाओ से संरक्षण प्रदान करने वाले ,हजारों हेक्टर वनों कटा जा रहा है, जो की हमारे वन्य जीवों का आवास है ,तो कही धार्मिक गतिविधि ( प्रथा, बलि, चढ़ावा) के नाम पर , व्यक्तिगत राजशाही आकांक्षा, स्वादिष्ट व्यंजन,आर्थिक लाभ/व्यापार के नाम पर शिकार किया जा रहा है जिससे अनेक प्रजाति के वन्य जीव, पक्षी, सरीसर्प अब इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गई है जिनकी छवि मात्र हम देख सकते हैं। भूगोल विभाग प्रभारी श्री राकेश श्रीवास ने छात्राओ में वन्य जीव के प्रति संवेदना जागृत के लिए बताया₹ 1850 के आस पास औद्योगिक क्रांति की शुरुवात यूनाइटेड किंगडम से हुई , और अगले कुछ दशकों में यूरोप महाद्वीप के अधिकांश देशों में यह क्रांति दस्तक दे चुका था फलत नवीन वैज्ञानिक क्रांति का भी उदय हुआ न्यू – न्यु यंत्रों, मशीनों का अविष्कार हुआ। जो उत्पादन में मानव से अधिक दक्ष है परिणाम स्वरूप बड़े पैमाने पर कच्चे माल की आवश्यकता हुई। इस उद्देश से दुनियां भर में उपलब्ध भूमिगत, वन संसाधनों के दोहान के लिए बृहद स्तर पर वनों को कटा जाने लगा।

## यूटीएस मोबाइल एप से टिकट प्राप्त करने की अधिकतम दूरी की सीमा का प्रतिबंध हटा

# सिवनी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को बताया जा रहा कैसे एप डाउनलोड कर टिकट करें बुक

**डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने। सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने। यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें। इस उद्देश्य से रेलवे ने घर बैठे अनारक्षित टिकट बुकिंग के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



रेलवे में अनारक्षित टिकटों पर यात्रा करने वाले यात्रियों के सफर को सुविधायुक्त बनाने के उद्देश्य से एप के माध्यम से बिना लाइन लगाए घर बैठे सभी स्टेशनों के अनारक्षित टिकट की बुकिंग, मासिक सीजन टिकट का नवीनीकरण एवं प्लेटफार्म टिकट की बुकिंग की सुविधा मिलती है। इस सुविधा को और अधिक बेहतर व सुगम बनाने के मद्देनजर यूटीएस ऑन मोबाइल एप में टिकट प्राप्त करने की निर्धारित अधिकतम दूरी (जियो-फेंसिंग) का प्रतिबंध हटाया गया है। मंडल के सभी स्टेशनों में इस एप का व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के मार्गदर्शन में मंडल वाणिज्य प्रबंधक केआर गोपीकृष्णन एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधकों के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों में हेल्प-डेस्क का प्रावधान किया गया है, जहां टिकट चेकिंग व बुकिंग स्टॉफ ने यात्रियों को यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इससे होने वाले लाभ एवं इसके प्रयोग के बारे में विस्तारपूर्वक बताकर अधिकाधिक यात्रियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। फलस्वरूप यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप से ऑनलाइन अनारक्षित टिकट की सुविधा अब यात्रियों के मध्य काफी लोकप्रिय हो रही है। इस प्रणाली की उपयोगिता निरंतर बढ़ रही है। परिणामस्वरूप अप्रैल माह में इस एप के माध्यम से मंडल में कुल 68 हजार 663 अनारक्षित टिकटों की बिक्री हुई जबकि अप्रैल 2023 में केवल 3593 टिकटों के लिए यूटीएस मोबाइल एप का उपयोग किया गया था। वरिण्मंडल वाणिज्य प्रबंधक सिंह ने यात्रीगण से कहा है कि अनारक्षित टिकटों की सुविधापूर्वक खरीदी के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें एवं यात्रा को सुगम बनाएं। सिवनी रेलवे स्टेशन पर भी रेल से यात्रा करने वालों को उनके मोबाइल पर कैसे एप डाउनलोड कर टिकट बनाया जाना है। इसकी जानकारी प्रदान की जा रही है।

## अब बाहरी व्यक्तियों के लिए भी सेवानिवृत्त रेलकर्मियों की तरह संचालन सुविधा

सिवनी. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल अंतर्गत 15 रेलवे स्टेशनों पर एटीवीएम (ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन) सुविधा उपलब्ध है। ताकि यात्रियों को त्वरित टिकट प्राप्त करने में सुविधा हो साथ ही टिकट काउंटरों में लगने वाले कतारों से निजात मिल सकें। मंडल की ओर से इन सेवाओं का विस्तार करते हुए एटीवीएम संचालन के लिए फैसिलिलेटर की नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

नई नियमावली के अनुसार अब बाहरी व्यक्तियों के लिए भी सेवानिवृत्त रेलकर्मियों की तरह टेंडर जारी किया जाना है। ताकि इसमें आमलोग भी भाग ले सकें। हालांकि प्राथमिकता पहले सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को ही दी जाएगी। अगर वह टेंडर प्रक्रिया में नहीं आते हैं तो बाहरी लोगों को मौका दिया जाएगा। गौरतलब है कि एटीवीएम स्मार्ट कार्ड से कार्डधारक ग्राहक भी मशीन में अपना कार्ड लगाकर खुद ही टिकट निकाल सकेंगे। इसके लिए कार्डधारक को अपने कार्ड को समय-समय पर रिचार्ज करना होगा। कार्ड को रिचार्ज करने पर ग्राहक को 3 प्रतिशत हर रिचार्ज के रुपए पर अतिरिक्त बोनस दिया जाता है।

मंडल के उपरोक्त 15 स्टेशनों पर एटीवीएम संचालन के लिए समय-सीमा की अवधि समाप्ती पर है। अब नए नियम के आधार पर वर्तमान में उपलब्ध 15 रेलवे स्टेशनों के अतिरिक्त चार अन्य स्टेशन सहित कुल 19 रेलवे स्टेशनों पर एटीवीएम संचालन के लिए फैसिलिलेटर की नियुक्त प्रक्रिया जल्द शुरू की जा रही है। इसकी पुष्टि वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक दिलीप सिंह ने की है।

## घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए बड़ा अपडेट

# जिन्होंने नहीं करवाया ई-केवायसी, जून से नहीं मिलेगा सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**नवंबर से निर्देश जारी करने के बावजूद अभी 10 फीसदी लोगों नें सत्यापन नहीं कराया है। ऐसे लोगों को 10 जून के बाद सिलेंडर नहीं मिलेगा।**

घरेलू गैस उपभोक्ताओं को अपना ई-केवायसी करवाना होगा। पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देश पर तेल कंपनियों ने इसे सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए अनिवार्य कर दिया है। अभी ई-केवायसी की अंतिम तारीख तय नहीं है लेकिन 31 मई तक रेकॉर्ड अपडेट करने का कहा गया है। जिले में बड़ी संख्या में एलपीजी घरेलू उपभोक्ता हैं। संभव है कि इनमें से कई उपभोक्ताओं का स्थानांतरण या मृत्यु हो चुकी हो चुकी हो। इसके बावजूद एजेंसी पर उनके नाम से गैस सिलेंडर का खाता जारी है। मंत्रालय और गैस एजेंसियों ने इसी रेकॉर्ड को दुरस्त करने के लिए सभी उपभोक्ताओं का ई-केवायसी अपडेशन अनिवार्य किया है।

साथ ही सब्सिडी संबंधित मामलों का नियमितीकरण करना भी इसका एक महत्वपूर्ण



उद्देश्य है। सत्यापन नहीं करवाने वाले उपभोक्ताओं को भविश्य में गैस सिलेंडर वितरण में समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

## अधिकतर ने नहीं करवाया ई-केवायसी

ई-केवायसी अपडेशन को लेकर पेट्रोलियम मंत्रालय व तेल कंपनियों ने नवंबर-23 में ही निर्देश जारी कर दिए थे। कुछ कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं को मोबाइल के जरिए व्यक्तिगत एसएमएस भी भेजे हैं। इसके बावजूद अभी तक 10 फीसदी उपभोक्ताओं ने भी अपना रेकॉर्ड अपडेट नहीं करवाया है। चुनाव के बाद ई-केव्हासी अपडेशन पर फोकस बढ़ाया जा सकता है।

## कनेक्शन की सुरक्षा जांच भी अनिवार्य

ई-केवायसी की तरह उपभोक्ता को अपने एलपीजी कनेक्शन की सुरक्षा जांच करवाना भी अनिवार्य किया गया है। यह जांच सिलेंडर लेकर आने वाले डिलेवरी मैन या एजेंसी की ओर से अधिकृत किए गए व्यक्ति द्वारा की जाएगी। उपभोक्ता के एलपीजी इन्सटालेशन की सुरक्षा जांच के साथ ही उसे एलपीजी उपयोग संबंधित सुरक्षा नियमों की जानकारी देंगे। यह जांच निःशुल्क होगी। यदि उपयोग में ली जा रही एलपीजी होज खराब या एक्सपायर हो गई है तो ऐसी स्थिति में 150 रुपए प्रति 1.5 मीटर की दर से इसे बदला जाएगा।

## ऐसे करवा सकते हैं ई-केवायसी

-जिस व्यक्ति के नाम से एलपीजी कनेक्शन है, बायो मैट्रिक सत्यापन के लिए उसे उपस्थित होना होगा। उपभोक्ता अपनी गैस वितरक एजेंसी पर जाकर अपना कोई एक परिचय पत्र बताएंगे। -एजेंसी पर थंब या फेस स्केनर के माध्यम से सत्यापन कर ई-केवायसी अपडेट कर ली जाएगी। -उपभोक्ता सिलेंडर लेकर घर आने वाले डिलेवरी मैन से भी ई-केवायसी बायोमेट्रीक सत्यापन करने के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

# 12 दिन के लिये नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस हुई निरस्त

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



जिले में रेल सेवा बेपटरी हो गई है। पातालकोट एक्सप्रेस आए दिन देरी से सिवनी पहुंच रही है और देरी से फिरोजपुर के लिए रवाना हो रही है। वहीं शनिवार को इतवारी रेलवे स्टेशन पर एलएचएस पुशिंग का कार्य के चलते इतवारी-रीवा एक्सप्रेस का भी परिचालन नहीं किया गया। अब 19 से 30 मई तक नागपुर-शहडोल(11201) एक्सप्रेस एवं 20 से 31 मई तक शहडोल-नागपुर(11202) एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसके अलावा 20, 22, 24, 25, 27, 29 एवं 31 मई को इतवारी-रीवा(11755)एक्सप्रेस, एवं 19, 21, 23, 24, 26, 28 एवं 30 मई को रीवा-इतवारी(11756) एक्सप्रेस रद्द रहेगी। यह ट्रेन भी पिछले एक हफ्ते से नियमित अंतराल पर निरस्त हो रही है। अगस्त 2023 में रीवा-इतवारी एक्सप्रेस एवं अक्टूबर 2023 में नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस का परिचालन शुरु हुआ। हालांकि विभिन्न रेलवे स्टेशनों में रेल कार्यों के चलते दोनों ट्रेन अक्सर प्रभावित हो रही हैं। इससे यात्री परेशान हो रहे हैं।

## चार रूट पर इंटरसिटी एक्सप्रेस की दरकार

सिवनी से छिंदवाड़ा जबलपुर, नागपुर, भोपाल के लिए सुबह एवं शाम दोनों समय एक-एक ट्रेन की सख्त दरकार है। इसकी मांग भी काफी समय से लोग कर रहे हैं। वहीं इतवारी-रीवा एक्सप्रेस की सेवा हफ्ते में चार दिन है। नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस का परिचालन प्रतिदिन हो रहा है, लेकिन समय गलत है। सिवनी से भोपाल, जबलपुर एवं नागपुर के लिए एक ऐसी ट्रेन होनी चाहिए जो सुबह 5 बजे चले और 10 बजे तक पहुंच जाए। ऐसे ही शाम को 5 बजे भोपाल, जबलपुर एवं नागपुर से भी ट्रेन सिवनी के लिए होनी चाहिए जो रात 11 बजे तक पहुंच जाए। इसके अलावा दिन में कम से कम तीन ट्रेन की सुविधा हो।

## टिकट कैंसिल कराने पर मिलेगा पूरा रिफंड

रेलवे ने तीन हफ्ते पहले ही इतवारी में रेलवे कार्य को लेकर सूचना दे दी थी। हालांकि रेलवे नियम के अनुसार काफी यात्रियों ने तीन माह पहले ही निरस्त हुई ट्रेनों में रिजर्वेशन करा लिया था। ऐसे में अब यात्रियों को टिकट कैंसिल कराने के लिए रिजर्वेशन काउंटर पहुंचना होगा। यात्रियों को टिकट कैंसिल कराने पर फूल रिफंड मिलेगा।

**खबर संक्षेप**

## सीएम राइज़ बालाघाट में कक्षा 9 वीं एवं 11वीं की प्रवेश सूची हुई जारी

**बालाघाट।** सी एम राइज़ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले से प्राप्त जानकारी अनुसार सत्र 2024-25 के लिए कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं की प्रवेश सूची जारी कर दी गई है। चयनित विद्यार्थियों को 25 मई के पूर्व निर्धारित शुल्क एवं आवश्यक दस्तावेज जमा कर प्रवेश प्राप्त करना अनिवार्य है । समय सीमा में शुल्क व दस्तावेज जमा न करने पर प्रवेश स्वतः ही निरस्त माना जाएगा। विद्यालय में संचालित परीक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रातः 8 से दोपहर 12 बजे तक शुल्क जमा करने का एवं दोपहर 11 से 1 बजे तक दस्तावेज जमा करने का समय निर्धारित किया गया है । साथ ही चयन सूची का प्रकाशन विद्यालय के सूचना पटल पर कर दिया गया है।

## राजमाता, माधवी राजे सिंधिया का देवलोकगमन अपूरणीय क्षति : संजय गौतम



**बालाघाट।** महाराज साहब, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मातश्री, राजमाता साहब, माधवी राजे सिंधिया का कैलाशवासी अत्यंत दुखदाई है। राजमाता के अक्समात परलोकगमन से हमनें मातृत्व, वात्सल्य पोषक और पालक को खो दिया। जिनकी कमी हमें सदा-सर्वदा खलेगी। जो अपूरणीय क्षति है, जिसकी पूर्ति असंभव है। राजमाता ने मुझे व्यक्तिगत तौर पर संबल दिया। अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष संजय 'पप्पू' गौतम ने कहा, राजमाता की जनसेवा, उदारता और समर्पण अनुकरणीय है। उनका अस्तित्व, व्यक्तित्व और कृतित्व अजर-अमर रहेगा। दुख की घड़ी में मैं और मेरा पूरा परिवार महाराज साहब, ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ खड़ा है। ईश्वर महाराज साहब को इस वज्राघात से उबरने का सामर्थ और साहस दे। ताकि राजमाता की जनकल्याण और विकास की गाथा एक पुत्र होने के नाते महाराज साहब के हाथों अविरल रहे। शोक संतृप्त संजय 'पप्पू' गौतम ने परमात्मा से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में विश्रांति और शोकाकुलो को यह गहन दुःख सहन करने की असीम शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की हैं।

## लैंगिक समानता आधारित समाज विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में शनिवार को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.निधि ठाकुर की अध्यक्षता में एक दिवसीय राष्ट्री य वेबिनार का आयोजन किया गया। लैंगिक समानता आधारित समाजः चुनौतियॉ एवं संभावनाएँ विषय पर आधारित विषय पर आयोजित इस वेबिनार में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.स्वाति खोब्रागड़े, जेंडर फोरम समिति की समन्वयक श्रीमती तृषा माहुले उपस्थित रहें। मॉ सरस्वती पूजन कर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मंच से जुड़े समस्त, अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम लैंगिक समानता आधारित समाज के विषय में आयोजित वेबिनार के उद्देश्य कथन का वाचन कार्यक्रम समन्वयक द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने अपने उद्बोधन में बताया कि बालाघाट में प्रत्येक 1000 पुरुषों के लिए 1021 महिलाओं का लिंग अनुपात है। साथ ही साक्षरता दर में महिलाओं का प्रतिशत अधिक है। वहीं डॉ.सुचित्रा शर्मा ने आध्यात्मिक परामर्श एवं स्वास्थ्य में पीजी डिप्लोमा विजिटिंग प्रोफेसर भारती विश्विद्यालय दुर्ग (छ.ग.) ट्रांसजेंडर समुदाय के संदर्भ में लैंगिक समानताः परिप्रेक्ष्य और चुनौतियॉ विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।

# सुविधाओं को तरस रहे मुसाफिर : स्थानीय लोगों ने अफसरों पर लगाया ध्यान नहीं देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज कटंगी।






स्वच्छ भारत अभियान के नाम पर कई लाख रुपए खर्च करने के बाद भी कटंगी शहर के बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय सह रैन बसेरा में स्वच्छता अभियान पूरी तरह से ठप है. यात्री प्रतीक्षालय के आसपास और भीतर में गंदगी पसरी है. यात्रियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है. यात्री पैसा खर्च कर पानी पीने को मजबूर है. कटंगी स्टेंण्ड में हर दिन बालाघाट, वारासिवनी, नागपुर और रायपुर, जबलपुर, इंदौर, भोपाल के रोज सैकड़ों यात्री आते-जाते हैं. जिन्हें कटंगी बस स्टेण्ड में परेशानी से दो चार होना पड़ता है. स्थानीय लोगों और यात्रियों ने बताया कि तेज गर्मी के कारण गला सूख जाता है. यात्री जब पानी के लिए प्रतीक्षालय में लगी वॉटर कूलर मशीन के पास जाते है तो यहां मशीन बंद और पानी नहीं आने के कारण परेशान हो जाते है. जिसके बाद मजबूरी में दुकानों से बोतल बंद पानी लेकर पीने को मजबूर है. प्रतीक्षालय में सुविधाओं का टोटा है. प्रवेश द्वार पर अतिक्रमण होने की वजह से आसानी से यात्री प्रतीक्षालय के भीतर जाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. खासतौर से हाथ ठेले पर फलों की दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने प्रतीक्षालय के गेट पर ही कब्जा कर रखा है।

स्थानीय रहवासी बजरंग शर्मा ने बताया कि यात्री प्रतीक्षालय में यात्रियों के पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है. नगर परिषद मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव से कई बार शिकायत की गई लेकिन वह अपने एसी वाले चेंबर से बाहर निकलकर कभी बस स्टैंड में व्यवस्थाओं का जायजा लेने तक नहीं आते. यात्री प्रतीक्षालय में असमाजिक तत्व डेरा डाले पूरा दिन पड़े रहते है. जिस कारण यात्री प्रतीक्षालय में ठहरने की बजाए दुकानों के सामने खड़े रहते है. जहां पर दुकानदार भी यात्रियों के साथ बदसलूकी करते है. बसों से सामान उतारी का काम करने वाले ईश्वरी सिंह बताते है कि पानी की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है.यहां पर लगी पानी टंकी में पानी नहीं आने से दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है. यात्रियों को पानी खरीदकर पीना पड़ता है. नगर पंचायत द्वारा नियमित सफाई नहीं कराए जाने से नालियों में पानी पाउच, गंदा पानी का जमाव है. इससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

वहीं बस स्टेण्ड में अलग-अलग गांवों और शहर से आए यात्रियों ने नगर परिषद के द्वारा बुनियाद सुविधाएं मुहैया नहीं कराए जाने पर रोष जताया गया. इन यात्रियों ने कहा कि कटंगी बस स्टैंड में सुविधाओं को लेकर नगर परिषद गंभीर नहीं है. अक्सर यहां पेयजल के लिए भटकना पड़ता है. गर्मी के समय में हर आधे घंटे में गला सूख जाता है. यहां पानी की व्यवस्था नहीं होने से 20 रुपए का पानी बोतल खरीदने विवश है.

गंदगी इतनी रहती है कि प्रतीक्षालय में बैठकर बस का इंतजार करना तक मुश्किल होता है. प्रतीक्षालय की इमारत पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है और छत से प्लास्टर टपक रहा है. दीवारें विज्ञापन के पोस्टरों से ढकी पड़ी है और जहां तहां मकड़ी के जाले लटक रहे है. पंखे बंद पड़े है. ऐसे में यहां यात्रियों को बैठ पाना काफी मुश्किल होता है. नगर परिषद को ध्यान देने की जरूरत है।

## मुस्लिम समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट-मुस्लिम समाज की सामाजिक संस्था मुस्लिम एजुकेशनल एण्ड कल्चरल सोसायटी बालाघाट द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा 10 वी एवं 12 वी में 75 प्रतिशत से अधिक नंबर लाने वाले बालाघाट जिले के मुस्लिम छात्र एवं छात्राओ को प्रोत्साहित करने हेतु बैहर रोड स्थित अंजुमन शादी हॉल बालाघाट में आगामी 18/08/2024 को दोपहर 2 बजे एक कार्यक्रम आयोजित कर इन छात्र-छात्राओ को सम्मानित किया जाएंगा। आवेदन देने की अंतिम तिथी 31/07/2024 पांच बजे तक रखी गयी है, संबंधित छात्र-छात्राएं सोसायटी के पदाधिकारियों से संपर्क कर आवेदन प्राप्त करके भर सकते है, इसी तरह से आगामी 17/11/2024 दिन रविवार को सोसायटी के तत्वाधान में मुस्लिम सामुहिक विवाह का भी आयोजन रखा गया है, यह कार्यक्रम भी अंजुमन शादी हॉल बैहर रोड में सम्पन्न होगा इच्छुक जोडे उपरोक्त कार्य का पंजीयन फार्म सोसायटी के पदाधिकारियों से संपर्क कर प्राप्त कर सकते है। इस कार्य हेतु दुल्हा एवं दुल्हन दोनो पक्षो को 5-5 हजार रूपये की दाखिला फिस जमा करना होगा। इसमें लडका एवं लडकी की उम्र 21 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए, दोनो ही पक्षो को अपनी 10-10 पासपोर्ट फोटो आवेदन के साथ जमा करना होगा, आयोजन समिति की ओर से दुल्हा-दुल्हन को गृहस्थी के सभी आवश्यक सामान तोहफे के रूप में प्रदान किएं जाएंगे यह कार्यक्रम भी सन् 2011 से निरंतर आयोजित हो रहा है लगभग 200 से अधिक जोडे इससे लाभांवित होकर अपना सफल जीवन जी रहे है, महंगाई के इस वातावरण में सामूहिक विवाह समय की आवश्यकता बन गयी है ताकि फिजुल खर्चे से बचा जाएं। संबंधित पक्ष आयोजन समिति के अध्यक्ष सोहेल एजाज खान (9425875479) अन्य पदाधिकारी आसीफ भाई, आदिल भाई कोसमी, डॉ. शकील खान, नासीर भाई, रियाज गनी, शमी अहमद, सोनू मदार, ईमरान खान पत्रकार पदमेश सिटी केबल, अम्मू शेख से संपर्क स्थापित कर संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते है। इस समिति के संरक्षक सूफी अब्दुल हमीद साबरी, हाजी अब्दुल कादिर, हाजी फारूख स्टोन क्रेसर वाले है।

## पीड़ित आगजनी से क्षतिग्रस्त दुकानदार मुआवजा के लिए भटक रहा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला मुख्यालय से 5 किमी. दूर ग्राम भरवेली के स्टेट बैंक के निकट स्थित एक कपडे की दुकान जो अज्ञात कारणो से आगजनी का शिकार हो गयी थी, जिससे बडे पैमाने पर दुकान को क्षति पहुंची थी, इसके पश्चात दुकानदार ने सभी आवश्यक कार्यवाही कर मामले को उचित स्थान पर प्रेषित किया था इसके पश्चात भी 6 माह बित जाने के बाद भी मुआवजा नहीं मिल पाया है, और वह ईधर से उधर भटक रहा है, प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भरवेली के अनमोल अवधिया कॉम्प्लेक्स में आर.के.कलेक्शन के नाम से रेडिमेड कपडो की दुकान थी विगत 12/11/2023 के रात्री 11 बजे जब वह अपनी दुकान बंद करके घर गया, तो 1 घंटे पश्चात रात्री 12 बजे उसे सूचना दी गयी की उनकी दुकान में आग लग गयी है, जब वह दुकान पर आया तो देखा की आगजनी से उसकी 75 प्रतिशत दुकान क्षतिग्रस्त हो गयी, इसकी सूचना उसने तत्काल भरवेली थाने में दी जहां आगजनी नुकसान पंचनामा बनाया गया, दुकान की क्षति अनुमानित लगभग 25 लाख रूपये के आसपास दर्ज कराया गया, लगभग 6 माह होने के पश्चात भी उक्त आगजनी की क्षति का जो मुआवजा है वह एक पैसा भी प्रभावित दुकानदार को नहीं मिल पाया है, दुकानदार रवि कुमार डोंगरवार ने इस घटना विधिवत जानकारी जिला कलेक्टर, थाना प्रभारी भरवेली, पुलिस अधिक्षक बालाघाट सभी पक्षो को दिया उसके पश्चात भी कोई सम्मानजनक



समाधान उसकी समस्या का नहीं निकल पाया है, पीडित पक्ष ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उसे नियमानुसार उचित मुआवजा दिया जाएं ताकि वह पुनः अपना छोटा सा जो व्यवसाय था उसे पुर्नजीवित कर सकें।

## 15 से 18 मई तक आयोजित सीयूईटी (यूजी) परीक्षा हुई सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



सेंट्रल यूनिवर्सिटीयो में स्नातक स्तर पर एडमिशन के लिए जिले में 15 से 18 मई 2024 तक सीयूईटी (यूजी) परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा 03 केंद्र पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट, सतपुड़ा वेली पब्लिक स्कूल और महर्षि विद्या मंदिर में 4 शिफ्टों में आयोजित की गई थी। यपहले शिफ्ट में रसायन, दुसरे शिफ्ट में जीव विज्ञान, तीसरे शिफ्ट में अंग्रेजी एवं चौथे शिफ्ट में सामान्य टेस्ट का पेपर हुआ। जिला प्रशासन द्वारा सभी केन्द्रों पर पुलिस बल की समुचित व्यवस्था की गई थी।परीक्षा के समन्वयक श्री पंकज कुमार जैन ने सभी परीक्षा केंद्र के केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक, उप-पर्यवेक्षक, सहायक केन्द्राध्यक्ष, निरीक्षक एवं सभी सहायक तथा केंद्र के कर्मचारियों को परीक्षा को सफलता पूर्वक संपन्न करवाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने हेतु सहृदय धन्यवाद प्रेषित किया । इस दौरान एनटीके डायरेक्टर जनरल श्री सुबोध कुमार सिंह उपस्थित रहे।

**परीक्षा केंद्रों पर ऐसी रही उपस्थितिः** सतपुड़ा वेली पब्लिक स्कूल में सभी शिफ्ट में कुल 1808 परीक्षार्थी में से 1531, महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में 775 में से 617 परीक्षार्थी एवं केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट में 1470 में से 1231 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार सभी विद्यालय में कुल 4053 विद्यार्थियों में से 3379 उपस्थित रहे । दुसरे दिन इकोनॉमिक्स में 176 में से 141 परीक्षार्थी, हिंदी में 700 में से 519, भौतिकी में 1100 में से 911 तथा गणित में 610 में से 412 बच्चे उपस्थित थे । तीसरे दिन भूगोल विषय में 71में से 58 बच्चे उपस्थित थे। शारीरिक शिक्षा में 34 में से 20 परीक्षार्थी, बिजनस स्टडीज में 165 में 136, लेखाशास्त्र में 140 में से 114 परीक्षार्थी उपस्थित थे। और चौथे दिन इतिहास में 64 में से 45, राजनीति विज्ञानं में 85 में 65 तथा सामाजशास्त्र में 24 में से 16 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

## पैरालीगल वालेंटियर्स व विधि छात्र छात्राओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित



**बालाघाट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल के मार्गदर्शन में पैरालीगल वालेन्टियर्स एवं विधि छात्र छात्राओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला न्यायाधीश व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागी परस्पर चर्चा कर दूसरें विभागों के कार्य एवं योजनाओं को समझेंगे एवं बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने में समर्थ हो सकेंगे। इस कार्यक्रम में समाहित किये गये विषयों पर प्रभावी निष्कर्ष प्राप्त होगा, संवेदनशीलता बढ़ेगी एवं हम सभी मिलजुल कर इस दिशा में कार्य करेगे एवं जन-जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करेंगे। साथ ही श्री गुर्जर ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में तथा किशोर न्याय (बालको की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015, लोकोपयोगी सेवाओं के लिए स्थायी लोक अदालत के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कार्यशाला में श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा बताया गया कि राज्य का प्रथम कर्तव्य जनता के हितों की रक्षा के लिए कल्याणकारी योजना तैयार करना एवं उसका लाभ जनसामान्य को दिलाना हैं भारतीय संविधान के निति निर्देषक तत्वों में अनुच्छेद 39क जोड़ा जाकर निःषुल्क विधिक सहायता के संबंध में निर्देषित किया गया हैं कि राज्य यह सुनिष्चित करेगा की विधिक तंत्र इस प्रकार कार्य करे कि समान अवसर के आधार पर न्याय प्राप्त हो तथा कोई भी व्यक्ति आर्थिक अभाव व अन्य निर्योग्ता के कारण न्याय प्राप्त करने के अवसर से वंचित न रहें। साथ ही श्री धुर्वे ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक अधिनियम एवं घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में भी जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में श्री पीएल पिछोड़े सेवानिवृत्त सहायक श्रम अधिकारी द्वारा श्रम विधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल श्री बंसत डहाके द्वारा विधिक प्रावधानों तथा श्रीमती यानिता राहंगडाले द्वारा महिलाओं के अधिकार के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, आवाज एनजीओ से शिवगिरी गोस्वामी, पैरालीगल वालेन्टियर्स एवं विधि छात्र-छात्राए आदि उपस्थित रहें।

## कन्या महाविद्यालय में स्कूल चलो अभियान अंतर्गत गतिविधियॉ हुई आयोजित

**बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरु कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर के मार्गदर्शन में सत्र 2024-25 के लिये कालेज चलो अभियान अतर्गत प्रचार प्रसार गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक सहायक प्राध्यापक विजय तुरकर एवं डॉ. सीमा वासनिक द्वारा नगर के विभिन्न उच्च माध्यमिक विद्यालयों में संपर्क कर 12वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को स्नातक कक्षाओं में ई-प्रवेश समय सारणी, संचालित पाठ्यक्रम, उपलब्ध सुविधाएं तथा छात्र हित में संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रसारित की जा रही है। विद्यालयों के सूचना पटल पर ई-प्रवेश प्रक्रिया, प्रवेश के चरण, की जानकारी चस्पा की गयी है। साथ ही महाविद्यालय से सम्बंधित आवश्यक जानकारी के फ्लेक्स विद्यालयों में लगाए गए है।

# जनपद का विश्राम गृह खंडहर में तब्दील : बेशकीमती जमीन का नहीं हो रहा उपयोग, शापिंग कॉम्प्लेक्स बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



शहर में उपडाकघर के बगल में स्थित जनपद पंचायत कटंगी का विश्राम गृह देखरेख के अभाव और उपयोग ना होने के कारण खंडहर में तब्दील हो रहा है. 08 लाख रुपए की जनपद निधि की लागत से वर्ष 2018 में स्वीकृत विश्राम गृह का वर्ष 2022 में निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है. तब से लेकर अब तक विश्राम गृह का कोई उपयोग नहीं हो पाया. वहीं जनपद की कई लाख रुपए की भूमि का उपयोग नहीं होने के कारण रिक्त भूमि पर बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई है. इस संबंध में जनपद अध्यक्ष कविता अरविंद देशमुख से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि विश्राम गृह को किराए पर दिए जाने का प्रस्ताव जनपद की पहली ही बैठक में रख दिया गया था लेकिन अधिकारियों से सहयोग ना मिलने के कारण यह कार्रवाई अब तक लंबित है. उन्होंने कहा कि जनपद रिक्त भूमि में शापिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण करवाया जाएगा. ताकि जनपद को आय मिलें. उन्होंने भरोसा दिया है कि 04 जून के बाद आचार संहिता समाप्त होने पर बैठक लेकर तत्परता से पूरी कार्रवाई की जाएगी।

जनपद पंचायत ने कई लाखों रुपयों की बेशकीमती जमीन पर आखिरकार विश्राम गृह का निर्माण आखिर क्यों करवाया था. यह तो समझ से परे है. मगर, विश्राम गृह के निर्माण के पीछे स्वार्थ और राजनीति दोनों दिखाई पड़ती है. वैसे तो आमतौर पर विश्राम गृह का उपयोग सरकारी अधिकारियों के ठहरने के लिए ही होता है. लेकिन कटंगी स्थित लोक निर्माण विभाग का विश्राम गृह अपने अन्य कामों के लिए भी खुब चर्चा में हमेशा बना रहता है. इससे मिलते जुलते कारनामों को अंजाम देने के लिए शायद जनपद पंचायत ने इस विश्राम गृह का उपयोग करवाया होगा. ऐसा लगता है अगर ऐसा ना होता तो विश्राम गृह का कोई तो उपयोग होता हुआ दिखाई देता जो अब तक नहीं दिख रहा है. फिलहाल यह बता पाना मुश्किल है कि जनपद के द्वारा जो विश्राम गृह बनाया गया है उसके भीतर किस तरह की सुविधाएं मौजूद है. मौजूद है भी या नहीं या केवल इमारत बनाकर तैयार की गई है. खैर, जनपद पंचायत इस विश्राम गृह को किराए पर देना चाहती है. किराए का मतलब समझ नहीं आ रहा है कि अन्य विभाग को किराए पर देगी या फिर कोई भी व्यक्ति इसे किराए पर ले सकता है और किसी भी प्रकार की गतिविधि को अंजाम दे सकता है. खैर, यह बात तो अब तभी पता चलेगी जब जनपद पंचायत विश्राम गृह को किराए पर देगी।

### इनका कहना है

जनपद पंचायत के विश्राम गृह को किराए पर दिया जाएगा और जो सरकारी भूमि है उस पर शापिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण करवाया जाएगा।

**कविता अरविंद देशमुख**
**जनपद पंचायत अध्यक्ष**

## 9 सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए



**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शनिवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी श्री गजेंद्र कठाने ने बताया कि शनिवार को 9 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 956 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखा गया हैं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री केसी ठाकुर, पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी श्री गजेंद्र कठाने, एजी-3 श्री विश्वेश्वर भगत, एएसआई सुरेश लिंगैय्या तथा राजनितिक पार्टी में कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, बीजेपी से सुमित यादव, मुकेश बहोले, बीएसपी से गगन सोनी, माधुरी डोंगरे, इंजी. महेंद्र, मप्र.ज.वि. पार्टी से लोकेश बहोले, रा.भा.पार्टी से श्री मोहन राउत, पीपीआईडी श्री आरके लोंहारे, दिलीप कुमार श्यामकुंवर, निर्दलीय हिमांशु सिंह कोहराम तथा पोस्टमेन श्री राकेश उइके उपस्थित रहे।

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
B.Tech. & Polytechnic
4 Year Degree
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com